हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी
Board of School Education Haryana, Bhiwani
(Established Under Haryana Board of School Education Act, 1969)

| प्रेषक, | सेवा में, |
|---|---|
| सचिव, हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी । | सभी सम्बन्धित प्राचार्य/मुख्याध्यापक/आचार्य गुरूकुल/ राजकीय/अराजकीय विद्यालय। |

क्रमांकः 1842/एनरोलमैन्ट

दिनांकः 23/05/2025

विषय :– शैक्षिक सत्र 2024–25 के कक्षा 9वीं एवं 11वीं के अंक अपलोड करने बारे।

महोदय/महोदया,

उपर्युक्त विषय बारे आपको सूचित किया जाता है कि हरियाणा राज्य के सभी राजकीय/अराजकीय विद्यालयों/गुरूकुलों/विद्यापीठों के शैक्षिक सत्र 2024–25 के कक्षा 9वीं व 11वीं के छात्रों/छात्राओं के वार्षिक परीक्षा के अंक अपलोड करने हेतु सम्बन्धित पोर्टल दिनांक 25.04.2025 से 25.05.2025 तक खोला गया था। उल्लेखनीय है कि कुछ विद्यालयों/गुरूकुलों/विद्यापीठों ने कक्षा 9वीं व 11वीं के छात्रों/छात्राओं के अंक अपलोड नहीं किए गए है/RLE किया हुआ है। अब सम्बन्धित पोर्टल दिनांक 26.05.2025 से 06.06.2025 तक खोला जाना है।

अतः सभी सम्बन्धित से अनुरोध है कि निर्धारित अवधि के दौरान बोर्ड की आधिकारिक वैबसाईट पर दिए गए लिंक से अपने–अपने विद्यालयों के पोर्टल पर लॉगिन आई.डी./पासवर्ड से लॉगिन करते हुए कक्षा 9वीं व 11वीं के छात्रों/छात्राओं के वार्षिक परीक्षा के अंक अपलोड/RLE Remove करना सुनिश्चित करे अन्यथा अंक अपलोड न करने की स्थिति में ऐसे छात्रों/छात्राओं को कक्षा 10वीं व 12वीं की परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी। इसके लिए विद्यालय स्वयं जिम्मेवार होगा।

नोट :–

किसी भी प्रकार की तकनीकी कठिनाई के लिए दूरभाष नं0 01664–254300 या 01664–254302 पर किसी भी कार्यदिवस में 9:00 A.M. से 5:00 P.M. तक संपर्क किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त एनरोलमैंट शाखा की ई–मेल ID asenr@bseh.org.in पर ई–मेल भी भेजी जा सकती है।

सहायक सचिव (नामांकन/सम्बद्धता)